# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
## Board of School Education Haryana, Bhiwani

| प्रेषकः | प्रेषित, |
| --- | --- |
| सचिव,<br>हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड,<br>भिवानी। | सभी संबंधित विद्यालयों /गुरूकुल/विद्यापीठ के मुख्याध्यापक/प्रधानाचार्य |

क्रमांकः– 327 /सी0सैं0/समन्वय दिनांक - 03-11-2025

विषय– आधार कार्ड में फोटो अपडेट करवाने बारे।

विषयांकित के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि सितम्बर–2025 की परीक्षाओं के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकतर परीक्षार्थियों द्वारा आई0डी0 प्रूफ के तौर पर आधार कार्ड प्रयुक्त किए जाते हैं तथा परीक्षार्थियों द्वारा प्रवेश–पत्र पर वर्तमान की फोटो लगाई जाती है, लेकिन आई0डी0 प्रूफ के तौर पर प्रयुक्त किए गए आधार कार्ड पर बचपन/पूर्व की फोटो/आधार कार्ड पर फोटो अपडेटिड न होने के कारण (आधार कार्ड व प्रवेश–पत्र पर चस्पा किए गए फोटो एक समान ना होने के कारण) परीक्षार्थियों को भिन्न–भिन्न जॉच से गुजरना पड़ता है जिस कारण अनावश्यक समय व्यर्थ होता है तथा परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अतः उपर्युक्त के संदर्भ में संबंधित विद्यालय मुखिया परीक्षा मार्च–2026 से पूर्व अपने विद्यालय में अध्ययनरत परीक्षार्थियों को आधार कार्ड/परीक्षा के दौरान आई0डी0 के तौर पर पर दिखाए जाने वाले दस्तावेजों में नवीनतम फोटो अपडेट करवाने बारे निर्देशित करें।

3/11/25

सहायक सचिव (सी0सैकेण्डरी)
कृते:सचिव